# गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल चास, बोकारो

## परियोजना कार्य-१७ सत्र-२०२०-२१

**कक्षा-दूसरी विषय-हिन्दी दिनांक-१७/०८/२०२९**

## पाठ-9 सच्ची मित्रता

**१.शब्दार्थ लिखें-**

मुलायम- कोमल

दोस्त - मित्र

उपाय - योजना

बेवकूफ़ - मूर्ख

गपशप- बातचीत करना

तेज़ - पैने

**२. मौखिक प्रश्न- उत्तर लिखें-**

क) वे तीनों मित्र किसको बचाने का उपाय सोचने लगे?

उत्तर - वे तीनों मित्र कछुए को बचाने का उपाय सोचने लगे।

ख) चारों दोस्त कहाँ रहते थे?

उत्तर- चारों दोस्त नदी के किनारे रहते थे।

ग) हिरण का पता किसने लगाया?

उत्तर- हिरण का पता कौआ ने लगाया।

घ) हिरण का जाल किसने काटा?

उत्तर- हिरण का जाल चूहे ने काटा।

**३.लिखित प्रश्न-उत्तर लिखें-**

क) हिरण अपने मित्रों के पास क्यों नहीं पहुँच सका?

उत्तर- हिरण अपने मित्रों के पास इसलिए नहीं पहुँच सका क्योंकि वह शिकारी के जाल में फँस गया था।

ख) कछुआ थैले में कैसे बंद हो गया?

उत्तर- कछुआ के धीमी चाल के कारण शिकारी ने उसे पकड़कर थैले में बंद कर दिया।

ग) हिरण ने कछुए को बचाने का क्या उपाय सोचा?

उत्तर- हिरण ने कछुए को बचाने का यह उपाय सोचा कि वह शिकारी के रास्ते में आँखें बंद करके लेट गया और मरने का अभिनय करने लगा ।

घ) शिकारी ने अपना सिर क्यों पीट लिया?

उत्तर- शिकारी ने अपना सिर इसलिए पीट लिया क्योंकि वह समझ गया कि चारों की वजह से वह बेवक़ूफ़ बन गया ।

**४. दिए गए शब्दों से दो अलग अर्थ वाले वाक्य बनाएँ-**

क) डाल - शिकारी ने कछुए को थैले में डाल दिया ।

डाल- कौवा पेड़ की ऊँची डाल पर बैठ गया।

ख) पर- तीनों दोस्त नदी के किनारे पहुँच गए पर हिरण नहीं पहुँच सका।

पर- शिकारी ने पक्षी के पर को काट दिया।

ग) जग- जग में पानी थोड़ा भरा था।

जग- जग में रहने वाले जीव- जंतु सभी प्रकृति पर निर्भर है।

घ) फल- परिश्रम का फल सदा ही मीठा होता है।

फल- प्रतिदिन हमें एक फल खाना चाहिए।

**५. निम्नलिखित शब्दों के एक समान अर्थ वाले शब्द लिखें-**

क) तालाब -सरोवर

ख) वृक्ष- पेड़

ग) नयन- नेत्र

घ) रात्रि -रात

ङ) दोस्त -मित्र

च) गृह - घर

* **गृह कार्य में हिंदी पाठमाला के पृष्ठ संख्या 56 को भरें।**

**------------समाप्त-----------**